एक नजर में

इनर व्हील क्लब ने किये सेवा के कार्य

ग्वालियर 18 जुलाई. इनर व्हील क्लब ग्वालियर द्वारा गत दिवस कुष्ठ आश्रम में वहां के 35 परिवारों के बीच 50 किलो चावल 60 किलो शक्कर और मेडिकल किट का वितरण किया गया । इनर व्हील क्लब ग्वालियर द्वारा राम दास घाटी स्थित शासकीय माध्यमिक विद्यालय, में 7वीं व 8वीं के विद्यार्थियों को कॉपियां व स्टेशनरी किट वितरित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय में क्लब द्वारा कक्षा 7वीं व 8वीं के लिए बच्चों का आई चेकअप व डेंटल चेक अप भी कराया गया। क्लब मेंबर पीपी डॉ. रीता मिश्रा ने बच्चों को गुड टच व बेड टच तथा हाइजीन के विषय में जागरूक भी किया। इस अवसर पर अध्यक्ष अर्चना पारख, सचिव दीपाली पारख, कोषाध्यक्ष रेणुका श्रीवास्तव, आइसो सीमा गुप्ता, सीसी सरिता अग्रवाल, पीपी कल्पना मेहता, पीपी रेखा अलोक जैन, पीपी गिरजा सेठ, वाइस प्रेसिडेंट अनामिका अग्रवाल, हर्ष जैसवानी व सीमा राजपूत आदि सदस्य उपस्थित रहे ।

प्रेम जब प्रभु से हो गया, समझो खेल शुरू हो गया: साध्वी लयस्मिता श्रीजी

ग्वालियर 18 जुलाई। श्री जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ के सराफा उपाश्रय भवन में चल रहे चातुर्मास-मनोहर वर्षावास 2025 में छत्तीसगढ़ रत्न शिरोमणि महत्तरा पद विभूषिता, प. पू. मनोहर श्री जी म.सा. की विदुषी सुशिष्याएं युवा संस्कार भारती प.पू. साध्वी श्री लयस्मिता श्री जी म.सा., प.पू. साध्वी श्री अमीवर्षा श्री जी म.सा., प.पू. साध्वी श्री भव्योदया श्री जी म.सा., प.पू. साध्वी श्री गुणोदया श्री जी म.सा., प.पू. साध्वी श्री जिनवर्षा श्री जी म.सा. आदि ठाणा - 5 की पावन निश्रा में धर्म की गंगा बह रही है एवं प्रतिदिन प्रातः 9.30 से 10.30 बजे तक प्रवचन सराफा उपाश्रय भवन में चल रहे हैं। आज उपस्थित धर्मप्रेमी श्रावक एवं श्राविका को संबोधित करते हुये बताया कि प्रेम जब प्रभु से हो गया, समझो खेल शुरू हो गया अर्थात जब व्यक्ति के जीवन में परमात्मा से प्रेम हो जाता है, वह भगवान की शरण में चला जाता है, तब ही वास्तव में उसके जीवन में पुण्य का उदय होता है और पाप कर्मो का क्षय होता है। साध्वी श्री ने अपने प्रवचनों में जिनशासन में 45 (आगम) है, जिसमें से आज 7वें आगम उपाशक दशांग सूत्र का वर्णन किया। इस आगम में आनंद श्रावक आदि 10 श्रावकों का वर्णन है। आगम को समझने के लिये 4 भागों में बांटा गया है- 1. चरणानुयोग 2. कथानुयोग 3. द्रव्यानुयोग 4. गणीतानुयोग। यह ग्रंथ कथानुयोग के अंतरगत आता है। प्रभु महावीर के 11 गणधर हुए, प्रभु के 3 शब्द से 1 उपमेइवा 2 वीगमेइवा 3 ध्रुवइवा द्वादशांगी सूत्र की रचना की प्रभु के 5वे गणधर सुधरमास्वामी के पास जम्बूस्वामी आए और उन्होंने आनंद श्रावक कौन थे ऐसा प्रश्न पूछा तब उन्होंने इन 7वे ग्रंथ के आनंद श्रावक का वर्णन किया और श्रावक के 12 व्रत का वर्णन किया, जिसको 3 भागों में बांटा गया है- 5 अणुव्रत, 3 गुणव्रत, 4 शिक्षा व्रत। इस प्रकार जीवन को सुव्यवस्थित आनंद से जीने के अलग-अलग तरीके बताकर जीवन को धर्ममय बनाने की प्रेरणा दी है। श्रीसंघ के अध्यक्ष- तिलकराज जैन, सचिव-लोकेश शाह, कोषाध्यक्ष- सुशील श्रीमाल, सहसचिव-चैतन्य कोठारी, वरिष्ठ ट्रस्टी-गजेन्द्र गुगलिया, संजीव पारख, ट्रस्टी-भूषण बांठिया व हर्षित नाहटा ने बताया कि साध्वी जी भगवंतों की पावन निश्रा में ग्वालियर श्रीसंघ में तपस्या की धूम चल रही है। लगभग 20 श्रावक व श्राविकाओं की भक्तांमर स्त्रोत की तपस्या चल रही है, जिसमें 1 दिन उपवास व अगले दिन व्यासना करते हुये 10 दिनों तक यह क्रम चलेगा। साथ ही में मां पदमावती एकासने तप की भी आराधना प्रारंभ हुई है, जिसमें लगातार 16 शुक्रवार तक 18 श्रावक व श्राविकाओं को एकासने करने होंगे।

गोदाम का ताला तोड़कर किशमिश के बॉक्स ले गए चोर

ग्वालियर। गोदाम का ताला तोड़कर अज्ञात चोर वहां रखे किशमिश के बॉक्स चोरी कर ले गए। बॉक्स की संख्या 146 बताई गई है। घटना का पता उस समय चला जब गोदाम के मालिक कुछ दिन बाद वहां पहुंचे। चोरी होने की बात पता चलते ही गोदाम मालिक ने इसकी सूचना पुलिस को दी। चोरी की वारदात 13-14 जुलाई की दरमियानी रात की है। बहोड़ापुर पुलिस ने मामला कायम कर जांच शुरु कर दी है। निशांत सिंघल निवासी आनंद नगर ड्रायफ्रूट कारोबारी हैं। कुछ दिन पहले निशांत सिंघल ने ड्रायफ्रूट के बॉक्स मंगाए थे। इनमें किशमिश के 146 बॉक्स थे। सामान को उन्होंने ट्रांसपोर्ट नगर में न्यू दाल बाजार के गोदाम में रखवा दिया था। गुरुवार दोपहर जब निशांत गोदाम पहुंचे तो देखा कि ताला टूटा हुआ है। अंदर पहुंचकर बॉक्स की गिनती की तो किशमिश के 146 बॉक्स गायब मिले। गोदाम से ड्रायफ्रूट की चोरी होने की जानकारी उन्होंने पुलिस को दी। पुलिस मौके पर पहुंची और जांच प्रारंभ की। ट्रांसपोर्ट नगर स्थित न्यू दाल बाजार में सीसीटीवी लगे हुए हैं, उनकी फुटेज चेक की जा रही है। व्यापारियों का कहना है कि ट्रांसपोर्ट नगर स्थित दाल बाजार के आस-पास हमेशा नशा करने वाले नशेलची घूमते रहते हैं, जो मौका मिलते ही चोरी कर लेते हैं। गोदाम से चोरी होने में जरूर किसी नशेलची का हाथ होगा। बता दें कि पिछले दिनों ही न्यू दाल बाजार के पास से पुलिस ने हथियारबंद बदमाश को पकड़ा था। जिसने पूछताछ में बताया था कि वह किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में था, क्योंकि सुबह से रात तक व्यापारियों का आना-जाना रहता है। पुलिस गोदाम से हुए किशमिश के बॉक्स कौन ले गया इसका पता करने में जुटी है।

आईटीएम आमोत्सव-2 : श्रावण में उपशास्त्रीय लोक संगीत में अमरस की हुई बारिश

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 जुलाई. श्रावण का महीना और उपशास्त्रीय लोक संगीत में अमरस की बारिश में सभी भीगते और आनंदित होते नजर आए। मौका था शुक्रवार को आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर की प्रस्तुति 'आमोत्सव-2' (आम पर केंद्रित बहुरंगी-बहुरस उत्सव) को आयोजन का। जहां संस्थान के सिथौली कैंपस स्थित विक्रम साराभाई ब्लॉक स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार और नीमि वीथिका में देश की प्रसिद्ध लोकगायिका विदुषी डॉ. सुचरिता गुप्ता द्वारा आम के रस में भीगी उपशास्त्रीय लोक संगीत की बौछारों से उपस्थित दर्शक और ग्वालियरवासियों के हृदय को तरबतर करती रहीं।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर के फाउंडर चांसलर रमाशंकर सिंह जी, चांसलर श्रीमती रूचि सिंह, प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, प्रख्यात लोकगायिका विदुषी डॉ. सुचरिता गुप्ता, आम के जीवनीकार सोपान जोशी शामिल हुए। इस अवसर पर संस्थान के वाइस चांसलर प्रोफेसर योगेश उपाध्याय, रजिस्ट्रार डॉ.

ओमवीर सिंह, आईटीएम ग्वालियर की डायरेक्टर प्रोफेसर मीनाक्षी मजूमदार, डीन स्टूडेंट वेलफेयर तृप्ति पाठक, डॉ. पारसनाथ, डॉ. सुधीर पाठक, डॉ. दिव्या पांडेय, वर्तिका सिंह, डॉ. रंजीत रेड्डी, अमन पाराशर, डॉ. एपीएफशर्मा, विशाखा जैसवाल, डॉ. कल्पना मिश्रा, डॉ. वंदना साहू, डॉ. रोहित चौहान, डॉ. स्वप्निल, डॉ. कल्पना मिश्रा, डॉ. रवि सिंदे, डॉ. मनीष जैसल सहित विभिन्न विभागों के डीन, विभागाध्यक्ष, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर, असिस्टेंट प्रोफेसर, ग्वालियर शहर के गणमान्य नागरिक और युवा एवं छात्र-छात्राएं बड़ी संख्या में शामिल हुए। वहीं कार्यक्रम का संचालन श्रीमती तूलिका शर्मा एवं पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष मनीष जैसल द्वारा किया गया।

विख्यात लोकगायिका विदुषी डॉ. सुचरिता गुप्ता ने एक से बढ़कर एक लोकगीतों की प्रस्तुति दी। उन्होंने राग पीहू से शुरूआत की। जिसके बोल थे 'झूला किन डारा से अमरैया, बाँधो पीहू झूला किन डारा से अमरैया, छोटी-छोटी डारियाँ, पतली-पतली पतैयाँ, झूलन के बहाने से, अइहें बलमुआ...। इसके साथ ही उन्होंन बनारस की कजरी, दादरा और झूला की एक से बढ़कर एक संगीत की प्रस्तुति दी। विख्यात लोकगायिका विदुषी डॉ. सुचरिता गुप्ता के साथ तबले पर पंकज राय बीएचयू और हारमोनियम पर बनारस घराना के पं. पंकज मिश्रा द्वारा संगत की गई।

हमारी भारतीय संस्कृति इतनी समृद्ध है कि विदेशी भी इसे अपना रहे हैं : लोकगायिका विदुषी डॉ. सुचरिता गुप्ता

डॉ. सुचरिता गुप्ता ने कहा कि मुझे खुशी हो रही है कि भारतीय ज्ञान परंपरा के अन्तर्गत भारतीय संस्कृति से बच्चों को जोड़ने के लिए आमोत्सव का आयोजन आईटीएम यूनिवर्सिटी ग्वालियर द्वारा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि हमारी भारतीय संस्कृति इतनी समृद्ध है कि विदेशी भी इसे अपना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह बात सही है कि बीच में कुछ समय का गैप हो गया था, लेकिन अब इस तरह के आयोजनों को बढ़ावा देने के चलते लग रहा है कि बच्चे हमारी भारतीय संस्कृति की तरफबढ़ रहे हैं। यह हम सभी के लिए शुभ संकेत है। उन्होंने युवाओं को संदेश देते हुए कहा कि अपनी संस्कृति से जुड़ें, पहचाने और दुनिया में अग्रसर रहें।

आम हमें हमारी जिंदगी से मिलाता है : सोपान जोशी

'आमोत्सव-2' में बतरस ने भी सभी को खूब सराबोर किया। आम के जीवनीकार सोपान जोशी ने बतरस पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि मैं मानता हूं कि आम हमें हमारी जिंदगी से मिलाता है। जिंदगी में भी आम की तरह ही खट्टा, मीठा स्वाद के साथ रंग रूप और महक होती है। इसलिए आमोत्सव होना चाहिए बाती है। उन्होंने बताया कि पुराने समय में हमारे सभी सार्वजनिक उत्सव अमराईयों में हुआ करते थे। बारात ठहरानी हो या फ्रि कुश्ती प्रतियोगिता और अन्य त्योहार सभी अमराइयों में हुआ करते थे। उन्होंने आम के पेड़ को पवित्र बताते हुए कहा कि आम की लकड़िया शादी, हवन अनुष्ठान आदि में उपयोग में लाई जाती है। उन्होंने आम की किस्मों के महत्व से लेकर साहित्यों में आम के जिक्र होने तक पर चर्चा की।

आम सूंघ कर बताओ किस्मों के नाम प्रतियोगिता का हुआ आयोजन

'आमोत्सव-2' के तहत प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया गया। जहां बंद आंख रखकर सूंघ कर बताओ आम की किस्म पाओ इनाम और जो सबसे अधिक और कम समय में आम चूसे वो पाये इनाम प्रतियोगिताओं का भी आयोजन हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़कर हिस्सा लिया।

पुलिस ने छात्रों,मजदूरों को दिलाई नशे दूर रहने की शपथ

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 जुलाई. युवा वर्ग एवं आमजन को नशे के प्रति जागरूक कर समाज को नशा मुक्त बनाने की दिशा में ग्वालियर पुलिस लगातार प्रयास कर रही हैं। इसी क्रम में जिले के थाना क्षेत्रों में स्थित स्कूल में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अन्तर्गत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुए। कार्यक्रम के दौरान नशा मुक्ति जागरूकता संबंधी शॉर्ट फिल्में भी प्रदर्शित कर छात्र-छात्राओं को नशे के दुष्परिणामों के प्रति सजग किया गया। जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को नशे से दूरी है जरूरी अभियान के तहत नशा मुक्ति संबंधी जागरूकता की शपथ भी दिलाई गई और पम्पलेट वितरित की गई। ग्वालियर पुलिस द्वारा विभिन्न थाना क्षेत्रों में स्थित झुग्गी-झोपड़ी बस्ती में पहुंचकर भी वहां निवासरत लोगों से सीधा संवाद स्थापित कर नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया गया।

थाना विश्वविद्यालय क्षेत्र में सीएसपी विश्वविद्यालय सुश्री हिना खान एवं उनि0 शिखा दण्डोतिया के द्वारा झुग्गी झोपड़ी लाल मल्टी महलगांव में महिला पुरुष व बच्चों को नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत नशे से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराया, इस अवसर पर लगभग 100 लोग उपस्थित रहे।थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत महाराज बाड़ा पर नजर बाग मार्केट एवं सराफा तिराहे पर थाना प्रभारी कोतवाली उप निरीक्षक मोहिनी वर्मा एवं थाना प्रभारी माधौगंज उनि0 दिव्या तिवारी, सूबेदार प्रबल यादव, सूबेदार राधावल्लभ गुर्जर एवं उनके स्टाफ द्वारा बाड़े पर दुकान लगाने वाले, राहगी ?र एवं ऑटो टमटम चालकों को नशा मुक्ति हेतु जागरूक कर हेल्पलाइन नंबर 14446 के संबंध में जानकारी दी गई, इस कार्यक्रम में करीब 250 लोग सम्मिलित हुए। इस अवसर पर नशा करने वाले युवाओं से आत्मीय संवाद कर उन्हें नशे से दूर रहने और शिक्षा व रोजगार की दिशा में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। पुलिस अधिकारियों ने सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हुए यह संदेश दिया कि पुलिस केवल कानून का पालन कराने वाली संस्था नहीं, बल्कि समाज को बेहतर बनाने की जिम्मेदारी निभा रही है। उनि0 शैलजा सिंह द्वारा मिस हिल स्कूल, सिकन्दर कम्पू,ग्वालियर में छात्र-छात्राओं व शिक्षकगण को नशे के दुष्प्रभाव व बचाव के संबंध में जानकारी देकर जागरुक किया गया, साथ में हेल्प लाईन नंबर 14446 के बारे में भी जानकारी दी गई।

इस दौरान थाना गिरवाई का स्टाफ सहित लगभग 350 छात्र व आमजन उपस्थित रहे। थाना कम्?पू क्षेत्र के हेमा हाई सेकेंडरी स्कूल में आयोजित कार्यक्रम उनि0 सुरेखा कुशवाह के द्वारा स्?कूल के छात्रों एवं स्?कूल स्?टाफ को नशामुक्त के लिए जागरूक किया गया। थाना थाटीपुर क्षेत्र में थाना प्रभारी निरीक्षक विपेन्द्र सिंह चौहान के नेतृत्व में ऊर्जा डेस्क प्रभारी उपनिरीक्षक ऋतु सिकरवार व थाना स्टाफ द्वारा सुरेश नगर सरकारी मल्टी क्षेत्र में आसपास के लोगों को एकत्र कर उन्हें नशे के विरुद्ध चल रहे विशेष अभियान की जानकारी दी गई। महिला थाना पड़ाव द्वारा उप निरीक्षक ज्योति शर्मा व थाना स्टाफ एवं नगर सुरक्षा समिति के सदस्यों व काउंसलर के द्वारा पड़ाव पुल के नीचे तथा आसपास के क्षेत्र में झुग्गी झोपड़ी में मजदूर वर्ग को नसे के कारण एवं दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया एवं नशे की लत से छुटकारा पाने के लिए नजदीकी नशा मुक्ति केंद्र की जानकारी दी गई व शपथ दिलाई गई। थाना गोला का मंदिर द्वारा उप निरीक्षक सोनम रघुवंशी, व थाना स्टाफ द्वारा न्यू रचना नगर व आसपास के क्षेत्र में झुग्गी झोपड़ी में मजदूर वर्ग को नशे के कारण एवं दुष्प्रभाव के बारे में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

इसी तरह थाना बिजौली,थाना घाटीगांव और जिले के अन्य थाना क्षेत्र में भी जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किये जाकर छात्र-छात्राओं तथा स्टॉफ एवं आमजनों को नशे के प्रति जागरूक किया गया और जागरूकता बैनर लेकर और शपथ पत्रों के माध्यम से यह संदेश दिया कि वह स्वयं नशे से दूर रहेंगे और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करेंगे।

जेयू के स्थायी कर्मियों ने विधानसभा अध्यक्ष तोमर को सौंपा मांगपत्र

नवभारत न्यूज

सातवें वेतनमान, नियमितीकरण समेत अन्य मांगें रखी

ग्वालियर 18 जुलाई. जीवाजी विश्वविद्यालय स्थायी कर्मी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष यतेंद्र शर्मा के नेतृत्व में शुक्रवार को विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर को मांगपत्र सौंपा गया। संघ ने कहा कि जीवाजी विश्वविद्यालय में 25-30 वर्षों से कार्यरत दैनिक वेतन भोगियों को सितम्बर 2016 से स्थायी कर्मी का दर्जा दिया गया है। लेकिन अभी तक नियमित नहीं किया गया है और न ही सातवें वेतनमान का लाभ दिया गया। जबकि उच्च न्यायालय द्वारा समय-समय पर कर्मचारियों के पक्ष में नियमित करने के आदेश पारित किये गये हैं। इसके अलावा दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को स्थायी कर्मी की श्रेणी देकर अकुशल अर्द्धकुशल एवं कुशल के रूप में वेतनमान स्वीकृत किया गया। जिनमें अकुशल को 4000-7000, अर्धकुशल 4500-7000 एवं कुशल श्रेणी को 5000-8000 शामिल हैं। किंतु वर्तमान में 50 प्रतिशत कर्मचारी ऐसे भी हैं, जो इस वेतनमान की सीमा पार कर चुके हैं। परन्तु उन कर्मचारियों को वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ भी नहीं मिल रहा है। जिससे स्थायी कर्मी आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं।

भाजपा युवा नेता अमरनाथ रवाना

नवभारत न्यूज

ग्वालियर 18 जुलाई. सावन के मौसम में लगातार लोगों की अमरनाथ यात्रा जारी है इसी के चलते आज ग्वालियर से भाजपा युवा नेता सचिन सिकरवार भी अपनी टीम के साथ भगवान भोलेनाथ के दर्शनों के लिए अमरनाथ रवाना हो गए श्री सिकरवार ने बताया कि समय पर ग्वालियर तथा आस पास के क्षेत्रों में इस बर्ष अच्छी बारिश हुई है और शहर में हमारी सरकार भी अच्छा कार्य कर रही है यही सब

मनोकामनाये पूरी होने पर हम भोलेनाथ के दर्शन करके उन्हें माथा टेकने अपनी टीम-संजय गोस्वामी,गजेंद्र राठौर, आशीष गुप्ता,प्रदीप योगी, संजय यादव, राकेश सिकरवार, विकास रघुवंशी, ब्रजेश साहू के साथ अमरनाथ जा रहे है ।

नाम संशोधन सूचना

नाम- रामभरत
पिता का नाम :- श्री कैलाश
उम्र :- 38 वर्ष
जाति :- मीणा
व्यवसाय- कृषि
निवासी- ग्राम तुलसेफ तह. व जिला श्योपुर (म.प्र.)

मैं शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि :-

1. यह कि मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं तथा **हिमेश मीणा** मेरा पुत्र है जो मेरे साथ ही निवास करता है। मेरा पुत्र **हिमेश मीणा** नाबालिग होने से मैं उसकी और से अपना शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

2. यह कि मेरे पुत्र का नाम उसके जन्म प्रमाण पत्र में **हिमेश मीणा** तथा **जन्म तिथी 13.11.2014** है, किंतु आधार कार्ड में त्रुटि से उसका नाम **असरबी मीणा** तथा **जन्म तिथी दिनांक 26.04.2013** अंकित हो गई है जो गलत है। इस कारण गजट नोटिफिकेशन में संशोधन कर मेरे पुत्र का नाम व जन्म तिथी जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार समस्त दस्तावेज आधार कार्ड व स्कूल के प्रमाण पत्र ,अंकसूची आदि में किया जाना उचित है तथा भविष्य में मेरे पुत्र को **हिमेश मीणा** के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जावे। जिसके संबंध में मेरा पुत्र नाबालिग होने से मैं उसकी और से यह शपथ पत्र प्रस्तुत कर रहा हूं।

सत्यापन :- मैं शपथ पूर्वक सत्यापित करता हूं कि उक्त शपथ पत्र की कलम नं.1 लगायत 3 के समस्त तथ्य मेरे निजी ज्ञान व विश्वास की सीमा में सही व सत्य है। अतः सत्यापित किया स्थान : श्योपुर/दिनांक :- 16.07.2025

स्थान- श्योपुर
दिनांक- 16.07.2025

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है की मैसर्स बिल्ड्मोर रियलटोर्स (M/S BUILDMOR REALTOR) कार्यालयः TF 6,थर्ड फ्लोर द सेंट्रल मॉल अचलेश्वर मंदिर के सामने ग्वालियर (मध्यप्रदेश) 474001 जो दिनांक 05 जनवरी 2024 से एक साझेदारी फर्म के रूप में कार्य कर रही है जिसका पंजीयन क्र 02/42/01/0027/24 वर्ष 2024-25, दिनांक 03 मई 2024 है जिसका संशोधित विलेख दिनांक 10 सितम्बर 2024 को सम्पादित हुआ जो इस प्रकार है की श्री नरेश कुमार मदान एवं श्री गुलशन मदान फर्म में सम्मिलित हुए है तथा अमित पाटसारिया स्वेछा से त्याग पत्र देकर फर्म से हट रहे है यहाँ जानकारी आम जन को सूचित हो

फोर : मैसर्स बिल्ड्मोर रियलटोर्स,श्री रोहित जैन (पार्टनर)
पता : कार्यालयः TF 6,थर्ड फ्लोर द सेंट्रल मॉल अचलेश्वर मंदिर के सामने ग्वालियर (मध्यप्रदेश) 474001,सम्पर्क सूत्र :9179763063,
Email : ALWAYSTOROHIT@GMAIL.COM

आज आयेंगे आप के प्रदेश प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर

ग्वालियर 18 जुलाई. आम आदमी पार्टी पूरे प्रदेश में संगठन विस्तार कर रही है हर जिले में संगठन विस्तार को लेकर के कार्य चल रहा है जिसके तहत सभी जिलों में सभी विंगो एवं विधानसभा,मंडल,बूथ तक की टीम तैयार की जा रही है जिसके तहत प्रमुख कार्यकर्ताओं एवं पदाधिकारी से संवाद करने के लिए मध्य प्रदेश के प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर पूर्व मंत्री दिल्ली पूरे प्रदेश के सभी संभागों में जाकर कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे है भोपाल,इंदौर,जबलपुर में कार्यकर्ता संवाद करने के उपरांत आज गतिमान एक्सप्रेस से ग्वालियर आ रहे है यह जानकारी आम आदमी पार्टी मध्यप्रदेश के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं ग्वालियर चंबल संभाग प्रभारी रोहित गुप्ता एडवोकेट ने दी। गुप्ता ने बताया कि प्रभारी जितेंद्र सिंह तोमर ग्वालियर आकर मुरैना जिले के कार्यकर्ताओं से संवाद के लिए मुरैना जाएंगे तत्पश्चात ग्वालियर के कार्यकर्ताओं से संवाद करेंगे फिर 20 जुलाई को दतिया, अशोक नगर, गुना, श्योपुर, शिवपुरी के कार्यकर्ता।ओं से संवाद करेंगे।उसके पश्चात प्रदेश के सभी पदाधिकारियों को संगठनात्मक विद्याओं का प्रशिक्षण देंगे।

एक्टिवा सवार शराब तस्कर को दबोचा

ग्वालियर 18 जुलाई. एक्टिवा सवार एक शराब तस्कर को थाना ग्वालियर पुलिस ने पकड़कर उससे देशी मदिरा शराब के कुल 350 क्वार्टर व एक एक्टिवा को जप्त किया हैं। पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुई कि एक व्यक्ति एक्टिवा पर अवैध शराब की तस्करी कर रहा है जो गिर्राजजी मंदिर के पास चंदननगर घासमण्डी ग्वालियर के पास से एक्टिवा पर अवैध शराब लेकर निकलने वाला है। मुखविर सूचना पर टीम बताये स्थान पर पहुंची तो कुछ समय बाद मुखबिर के बताये हुलिआ का व्यक्ति एक नीले रंग की एक्टिवा पर आता हुआ दिखा, जिसने पुलिस टीम को देखकर एक्टिवा को भगाकर ले जाने का प्रयास किया लेकिन पुलिस टीम द्वारा उसे घेरकर रोक लिया गया। चेक करने पर एक्टिवा में सामने एक प्लास्टिक की बोरी तथा एक थैला रखा हुआ मिला। पूछताछ करने पर उक्त व्यक्ति ने स्वयं को लधेडी माता मंदिर के पास जिला ग्वालियर का रहने वाला बताया। एक्टिवा पर रखी प्लास्टिक की बोरी व थैले को खोलकर देखा तो उसमे सफेद देशी मदिरा शराब के क्वार्टर भरे थे, गिनती करने पर देशी मदिर शराब के कुल 350 क्वार्टर कुल कीमत करीबन 24,500 रुपये के पाये गये। पकड़े गये आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया हैं।

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री अभिषेक कुशवाह पुत्र श्री रतन कुशवाह के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की एक अचल संपत्ति जिसका पटवारी हल्का क्र. 38, ग्राम गिरवाई (आम्रा), वार्ड क्र. 65, के सर्वे क्र. 351/10/1, तहसील व जिला ग्वालियर की होकर जिसकी चतुर्सीमाः- पूर्व में- प्लॉट नन्दकिशोर, पश्चिम में- प्लॉट हाकिम, उत्तर में- प्लाट औतार सिंह, दक्षिण में- आम रास्ता का होकर कुल क्षेत्रफल 989 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति पूर्व में सुन्दरलाल, किशनलाल एवं रामदयाल पुत्रगण श्री परसु एवं रामनारायण, गंगाराम, हीरा पुत्रगण श्री मोतीराम के स्वत्व, स्वामित्व एवं आधिपत्य की थी। किशनलाल के देहांत पश्चात उनके वारिस अर्थात नन्द किशोर, हाकिम, दिनेश (पुत्रगण), लीलावती, कलावती, उषा (पुत्रियां) के नाम पर हस्तांतरित हुई जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों में विधिवत दर्ज है। तत्पश्चात केवल उक्त संपत्ति के अंश भाग में से श्रीमती उषा पुत्री स्व. श्री किशनलाल द्वारा श्री अभिषेक कुशवाह पुत्र श्री रतन कुशवाह को ई-रजिस्टर्ड दान-पत्र विलेख क्र. MP21IGR17402025A100419463 दिनांक 04.06.2025 से दान की गई। अतः उक्त संपत्ति को मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान के समक्ष उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत होकर बंधक किए जाना प्रस्तावित है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। दिनांक 18.07.2025

प्रेषक-विशाल अग्रवाल (एडवोकेट)
कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट"
ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री मनोज गुर्जर पुत्र श्री रामनिवास गुर्जर के स्वत्व, स्वामित्व व आधिपत्य की एक अचल संपत्ति जिसका पटवारी हल्का क्र. 54, ग्राम नरहेला, तहसील एवं विकासखंड जौरा व जिला मुरैना के सर्वे क्र. 37/1/1/2, 57/1/2/2, 37/5/1/2, 72/2/1/2, 37/7/1/2 की होकर जिसकी चतुर्सीमाः- पूर्व में- प्लाट दीगर, पश्चिम में- भूमि विक्रेता, उत्तर में- प्लॉट जाटव, दक्षिण में- रास्ता की होकर कुल क्षेत्रफल 900 वर्गफुट है। उक्त संपत्ति पूर्व में कलावती, माधौ सिंह, मुन्नालाल, सुरेश चंद्र, अशोक कुमार, मीरा वारिस स्व. श्री बाबूलाल एवं मोहन लाल पुत्र श्री काशीराम के स्वत्व, स्वामित्व एवं संयुक्त आधिपत्य की थी जिसका उल्लेख राजस्व विभाग के दस्तावेजों मे विधिवत दर्ज है। तत्पश्चात उक्त संपत्ति के अंश भाग में से केवल श्री मुन्नालाल पुत्र श्री बाबूलाल द्वारा श्री वासुदेव बघेल पुत्र श्री पंछीराम बघेल को रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख क्रमांक 17 दिनांक 07.04.2014 से विक्रय की गई। तत्पश्चात, श्री वासुदेव बघेल पुत्र श्री पंछीराम बघेल द्वारा श्री रामप्रसाद बघेल पुत्र श्री विद्या राम बघेल, श्री रविकांत शर्मा पुत्र श्री भगवान सिंह शर्मा को ई-रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख क्रमांक क्रमशः MP25822016A1458152 दिनांक 30.07.2016 एवं MP25822016A1458179 दिनांक 30.07.2016 से विक्रय की गई। तत्पश्चात, केवल रामप्रसाद बघेल पुत्र श्री विद्याराम बघेल द्वारा श्री मनोज गुर्जर पुत्र श्री रामनिवास गुर्जर को ई-रजिस्टर्ड विक्रय पत्र विलेख क्र. MP25822025A1190184 दिनांक 20.03.2025 से विक्रय की गई। अतः मेरे पक्षकार वित्तीय संस्थान ग्वालियर के समक्ष उक्त संपत्ति पर ऋण प्राप्त किए जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत होकर बंधक किए जाना प्रस्तावित है। इस कारण जिस किसी व्यक्ति, फर्म, संस्था, निगम अथवा निकाय, बैंक या किसी अन्य उत्तराधिकारी का किसी पूर्ण या अंश भाग पर या किसी भी संस्था की कोई राशि अवशेष हो तो इस सूचना के प्रकाशन से 07 (सात दिवस) की अवधि में विधिवत अपने दावे के समर्थन में समस्त प्रपत्र सहित मेरे कार्यालय में संपर्क कर अपना पक्ष प्रस्तुत करें। अन्यथा वर्णित अवधि के अवसान उपरांत समस्त आपत्तियां इस सूचना प्रपत्र के समक्ष व्यर्थ, शून्य व प्रभावहीन होगी और उक्त संपत्ति पर प्रदत्त ऋण हेतु बंधककर्ता वित्तीय संस्थान का अधिकार सर्वोपरि होगा। कृपया सूचित हो। दिनांक 18.07.2025.

प्रेषक-विशाल अग्रवाल (एडवोकेट)
कार्यालय -"मैसर्स श्री हीरानन्द लीगल कंसल्टेंट"
ग्राउंड फ्लोर, यादव मार्केट, जीवाजी यूनिवर्सिटी गेट नंबर 2 के पास, सिटी सेंटर ग्वालियर मो.9826820987